# 18 मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

**विद्यानिवास मिश्र**

**( जन्मः सन् 1925 ई. : निधनः सन् 2005 ई. )**

विद्यानिवास मिश्र का जन्म 28 जनवरी 1925 को उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिले के पकड़डीहा गाँव में हुआ था। वाराणसी, गोरखपुर में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की। हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार ने अमेरिका, वोशिंग्टन में अध्येता रहे। म.प्र. प्रशासन में सूचनाविभाग में कार्यरत रहे, बाढ में अध्यापन के क्षेत्र में 1968 से 1977 तक वाराणसी में अध्यापक, कुलपति भी रहे।

भ्रमरानंद स्वयं को माननेवाले विद्यानिवास मिश्र हिन्दी के प्रतिष्ठित आलोचक, ललित निबंधकार के रुप में जाने गये। मिश्रजी के निबंधो में प्रकृति, लोकतत्त्व, बौद्धिकता, सर्जनात्मकता, कल्पनाशीलता, काव्यात्मकता, भाषा की सृजनात्मकता एक साथ अन्तग्रंथित मिलती है। ''महाभारत का काव्यार्थ'', ''भारतीय भाषादर्शन की पीठिका'', ''स्वरूप-विमर्श'' निबंध संग्रह, ''गांधी का करुण रस'', ''हिन्दी और हम'', ''वाचिक कविता भोजपुरी'', ''साहित्य के सरोकार'' जैसी प्रसिद्ध रचनाएँ उन्होंने लिखी है।

मानवजीवन में अनेकानेक चिंताएँ व्याप्त हैं। प्रस्तुत निबंध में मिश्रजी ने पौराणिक मिथक के माध्यम से मानव चिंताओं की अत्यंत सुंदर एवं मार्मिक शब्दों में प्रस्तुति की है जो अत्यंत संवेदनापूर्ण जीवंत चित्र प्रस्तुत करती है। कौशल्या माता का यह विचार सर्वथा युक्तियुक्त है कि इस मौसम में मेरे राम का मुकुट भीग रहा होगा अर्थात् वे बहुत-सी कठिनाइयों का सामना कर रहे होंगे।

---

महीनों से मन बेहद-बेहद उदास है। उदासी की कोई खास वजह नहीं, कुछ तबीयत ढीली, कुछ आसपास के तनाव और कुछ उनसे टूटने का डर, खुले आकाश के नीचे भी खुलकर साँस लेने की जगह की कमी, जिस काम में लग कर मुक्ति पाना चाहता हूँ, उस काम में हजार बाधाएँ; कुल ले-देकर उदासी के लिए इतनी बड़ी चीज नहीं बनती। फिर भी रात-दिन नींद नहीं आती। दिन ऐसे बीतते हैं, जैसे भूतों के सपनों की एक रील पर दूसरी रील चढ़ा दी गयी हो और भूतों की आकृतियाँ और डरावनी हो गयी हों इसलिए कभी-कभी तो बड़ी-से-बड़ी परेशान करने वाली बात हो जाती है और कुछ भी परेशानी नहीं होती, उल्टे ऐसा लगता है, जो हुआ, एक सहज क्रम में हुआ, न होना ही कुछ अटपटा होता और कभी-कभी बहुत मामूली-सी बात भी भयंकर चिन्ता का कारण बन जाती है।

अभी दो-तीन रात पहले मेरे एक साथी संगीत का कार्यक्रम सुनने के लिए नौ बजे रात गये, साथ में जाने के लिए मेरे एक चिरंजीव ने और मेरी एक मेहमान, महानगरीय वातावरण में पली कन्या ने अनुमति माँगी। शहरों की, आजकल की असुरक्षित स्थिति का ध्यान करके इन दोनों को जाने तो नहीं देना चाहता था, पर लड़कों का मन भी तो रखना होता है, कह दिया, एक-डेढ़ घंटे सुनकर चले आना।

रात के बारह बजे। लोग नहीं लौटे। गृहिणी बहुत उद्विग्न हुई, झल्लायी; साथ में गये मित्र पर नाराज होने के लिए संकल्प बोलने लगीं। इतने में जोर की बारिश आ गयी। छत से बिस्तर समेटकर कमरे में आया। गृहिणी को समझाया, बारिश थमेगी, आ जायेंगे, संगीत में मन लग जाता है, तो उठने की तबियत नहीं होती, तुम सोओ, ऐसे बच्चे नहीं हैं। पत्नी किसी तरह शांत होकर सो गयीं, पर मैं अकेला उठा, बारिश निकल गयी, ये लोग नहीं आये। बरामदे में कुर्सी लगाकर राह जोहने लगा। दूर कोई भी आहट होती, तो उदग्र होकर फाटक की ओर देखने लगता। रह-रहकर बिजली चमक जाती थी और सड़क छिप जाती थी। पर सामने की सड़क पर कोई रिक्शा नहीं, कोई चिरई का पूत नहीं। एकाएक कई दिनों से मन में उमड़ती-घुमड़ती पंक्तियाँ गूँज गयीं-

**''मोरे राम के भीजै मुकुटवा,**
**लछिमन के पटुकवा**
**मोरी सीता के भीजै सेनुरवा**
**त राम पर लौटहिं।''**

(मेरे राम का मुकुट भीग रहा होगा, मेरे लखन का पटुका (दुपट्टा) भीग रहा होगा, मेरी सीता की माँग का सिंदूर भीग रहा होगा, मेरे राम घर लौट आते)

बचपन में दादी-नानी जाँते पर यह गीत गातीं, मेरे घर से बाहर जाने पर विदेश में रहने पर वे यही गीत विह्वल होकर गातीं और लौटने पर कहतीं- 'मेरे लाल को कैसा वनवास मिला था ।' जब मुझे दादी-नानी की इस आकुलता पर हँसी भी आती, गीत का स्वर बड़ा मीठा लगता। हाँ, तब उसका दर्द नहीं छूता था। पर इस प्रतीक्षा

में एकाएक उसका दर्द उस ढलती रात में उभर आया और सोचने लगा, आने वाली पीढ़ी पिछली पीढ़ी की ममता की पीड़ा नहीं समझ पाती और पिछली पीढ़ी अपनी संतान के संभावित संकट की कल्पना मात्र से अद्विग्न हो जाती है। मन में यह प्रतीति ही नहीं होती कि अब संतान समर्थ है, बड़ा-से-बड़ा संकट झेल लेगी। बार-बार मन को समझाने की कोशिश करता, लड़की दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कॉलेज में पढ़ाती है, लड़का संकटबोध की कविता लिखता है, पर लड़की का ख्याल आते ही दुश्चिंता होती, गली में जाने कैसे तत्त्व रहते हैं! लौटते समय कहीं कुछ हो न गया हो और अपने भीतर अनायास अपराधी होने का भाव जाग जाता, मुझे रोकना चाहिए था या कोई व्यवस्था करनी चाहिए थी, परायी लड़की (और लड़की तो हर एक परायी होती है, धोबी की मुटरी की तरह घाट पर खुले आकाश में कितने दिन फहरायेगी, अंत में उसे गृहिणी बनने जाना ही है) घर आयी, कहीं कुछ हो न जाए!

* *

मन फिर घूम गया कौसल्या की ओर, लाखों-करोड़ों, कौसल्याओं की ओर, और लाखों-करोड़ों कौसल्याओं के द्वारा मुखरित एक अनाम-अरूप कौसल्या की ओर, इन सबके राम वन में निर्वासित हैं, पर क्या बात है कि मुकुट अभी भी उनके माथे पर बँधा है और उसी के भीगने की इतनी चिन्ता है? क्या बात है कि आज भी काशी की रामलीला आरम्भ होने के पूर्व एक निश्चित मुहूर्त में मुकुट की ही पूजा सबसे पहले की जाती है? क्या बात है कि तुलसीदास ने 'कानन' को 'सत अवध समाना' कहा और चित्रकूट में ही पहुँचने पर उन्हें 'कलि की कुटिल कुचाल' दीख पड़ी? क्या बात है कि आज भी वनवासी धनुर्धर राम ही लोकमानस के राजा राम बने हुए हैं? कहीं-न-कहीं इन सबके बीच एक संगति होनी चाहिए।

अभिषेक की बात चली, मन में अभिषेक हो गया और मन में राम के साथ राम का मुकुट प्रतिष्ठित हो गया। मन में प्रतिष्ठित हुआ, इसलिए राम ने राजकीय वेश उतारा, राजकीय रथ से उतरे, राजकीय भोग का परिहार किया, पर मुकुट तो लोगों के मन में था, कौसल्या के मातृ-स्नेह में था, वह कैसे उतरता, वह मस्तक पर विराजमान रहा और राम भीगें तो भीगें, मुकुट न भीगने पाये, इसकी चिन्ता बनी रही। राजा राम के साथ उनके अंगरक्षक लक्ष्मण का कमर बन्द दुपट्टा भी, (प्रहरी की जागरूकता का उपलक्षण) न भीगने पाये और अखंड सौभाग्यवती सीता की माँग का सिंदूर न भीगने पाये, सीता भले ही भीग जायें। राम तो वन से लौट आये, सीता को लक्ष्मण फिर निर्वासित कर आये, पर लोकमानस में राम की वनयात्रा अभी नहीं रुकी। मुकुट, दुपट्टे और सिंदूर के भीगने की आशंका अभी भी साल रही है। कितनी अयोध्याएँ बसीं, उजड़ीं, पर निर्वासित राम की असली राजधानी, जंगल का रास्ता अपने काँटों-कुशों, कंकड़ों-पत्थरों की वैसी ही ताजा चुभन लिए हुए बरकरार है, क्योंकि जिनका आसरा साधारण गँवार आदमी भी लगा सकता है, वे राम तो सदा निर्वासित ही रहेंगे और उनके राजपाट को सँभालने वाले भरत अयोध्या के समीप रहते हुए भी उनमें भी अधिक निर्वासित रहेंगे, निर्वासित ही नहीं, बल्कि एक कालकोठरी में बन्द जिलावतनी की तरह दिन बितायेंगे।

* * *

सोचते-सोचते लगा कि इस देश की ही नहीं, पूरे विश्व की एक कौसल्या है; जो हर बारिश में बिसूर रही है- 'मोरे राम के भीजै मुकुट' (मेरे राम का मुकुट भी रहा होगा)। मेरी संतान, ऐश्वर्य की अधिकारिणी संतान वन में घूम रही है, उसका मुकुट, उसका ऐश्वर्य भीग रहा है, मेरे राम कब घर लौटेंगे; मेरे राम के सेवक का दुपट्टा भीग रहा है, पहरुए का कमरबन्द भीग रहा है, उसका जागरण भीग रहा है, मेरे राम की सहचारिणी सीता का सिंदूर भीग रहा है, उसका अखंड सौभाग्य भीग रहा है, मैं कैसे धीरज धरूँ? मनुष्य की इस सनातन नियति से एकदम आतंकित हो उठा, ऐश्वर्य और निर्वासन दोनों साथ-साथ चलते हैं। जिसे ऐश्वर्य सौंपा जाने को है। उसको निर्वासन पहले से बदा है। जिन लोगों के बीच रहता हूँ, वे सभी मंगल नाना के नाती हैं, वे 'मुद मंगल' में ही रहना चाहते हैं, मेरे जैसे आदमी को वे निराशावादी समझकर बिरादरी से बाहर ही रखते हैं, डर लगता रहता है कि कहीं उड़कर उन्हें भी दुख न लग जाए, पर मैं अशेष मंगलाकांक्षाओं के पीछे से झाँकती हुई दुर्निवार शंकाकुल आँखों में झाँकता हूँ, तो मंगल का सारा उत्साह फीका पड़ जाता है और बंदनवार, बंदनवार न दिखकर

बटोरी हुई रस्सी की शक्ल में कुंडली मारे नागिन दिखती है, मंगल घट औंधाई हुई अधफूटी गगरी दिखता है, उत्सव की रोशनी का तामझाम धुओं की गाँठों का अँबार दिखता है और मंगल-वाद्य डेरा उखाड़ने वाले अंतिम कारबरदार की उसाँस में बजकर एकबारगी बन्द हो जाता है।

**लागति अवध भयावह भारी,**
**मानहुँ कालराति अँधियारी।**
**घोर जंतु सम पुर नरनारी,**
**डरपहिं एकहि एक निहारी।**
**घर मसान परिजन जनु भूता,**
**सुत हित मीत मनहुँ जमदूता।**
**बागन्ह बिटप बेलि कुम्हिलाहीं,**
**सरित सरोवर देखि न जाहीं।**

कैसे मंगलमय प्रभात की कल्पना थी और कैसी अँधेरी कालरात्रि आ गयी है? एक-दूसरे को देखने से डर लगता है। घर मसान हो गया है, अपने ही लोग भूत-प्रेत बन गये हैं, पेड़ सूख गये हैं, लताएँ कुम्हला गयी हैं। नदियों और सरोवरों को देखना भी दुस्सह हो गया है। केवल इसलिए कि जिसका ऐश्वर्य से अभिषेक हो रहा था, वह निर्वासित हो गया। उत्कर्ष की ओर उन्मुख समष्टि का चैतन्य अपने ही घर से बाहर कर दिया गया, उत्कर्ष की मनुष्य की ऊर्ध्वोन्मुख चेतना की यही कीमत सनातन काल से अदा की जाती रही है। इसीलिए जब कीमत अदा कर ही दी गयी, तो उत्कर्ष कम-से-कम सुरक्षित रहे, यह चिंता स्वाभाविक हो जाती है। राम भीगें तो भीगें, राम के उत्कर्ष की कल्पना न भीगे, वह हर, बारिश में हर दुर्दिन में सुरक्षित रहे। नर के रूप में लीला करनेवाले नारायण निर्वासन की व्यवस्था झेलें, पर नर रूप में उनकी ईश्वरता का बोध दमकता रहे, पानी की बूँदों की झालर में उसकी दीप्ति छिपने न पाये। उस नारायण की सुख-सेज बने अनन्त के अवतार लक्ष्मण भले ही भीगते रहें, उनका दुपट्टा, उनका अहर्निश जागर न भीजे, शेषी नारायण के ऐश्वर्य का गौरव अनन्त शेष के जागर-संकल्प से ही सुरक्षित हो सकेगा और इन दोनों का गौरव जगज्जननी आद्याशक्ति के अखण्ड सौभाग्य, सीमंत सिंदूर से रक्षित हो सकेगा, उस शक्ति का एकनिष्ठ प्रेम पाकर राम का मुकुट है, क्योंकि राम का निर्वासन वस्तुतः सीता का दुहरा निर्वासन है। राम तो लौटकर राजा होते हैं, पर रानी होते ही सीता राम द्वारा वन में निर्वासित कर दी जाती हैं। राम के साथ लक्ष्मण हैं, सीता हैं, सीता वन्य पशुओं से घिरी हुई विजन में सोचती हैं- प्रसव की पीड़ा हो रही है, कौन इस बेला में सहारा देगा, कौन प्रसव के समय प्रकाश दिखलायेगा, कौन मुझे संभालेगा, कौन जन्म के गीत गायेगा?

कोई गीत नहीं गाता सीता जंगल की सूखी लकड़ी बीनती हैं, जलाकर अँजोर करती हैं और जुड़वाँ बच्चों का मुँह निहारती हैं। दूध की तरह अपमान की ज्वाला में चित्त कूद पड़ने के लिए उफनता है और बच्चों की प्यारी और मासूम सूरत देखते ही उस पर पानी के छाँटे पड़ जाते हैं, उफान दब जाता है। पर इस निर्वासन में भी सीता का सौभाग्य अखण्डित है, वह राम के मुकुट को तब भी प्रमाणित करता है, मुकुटधारी राम को निर्वासन से भी बड़ी व्यथा देता है और एक बार अयोध्या जंगल बन जाती है, स्नेह की रसधार रेत बन जाती है, सब कुछ उलट-पुलट जाता है, भवभूति के शब्दों में पहचान की बस एक निशानी बच रहती है, दूर ऊँचे खड़े तटस्थ पहाड़, राममुकुट में जड़े हीरों की चमक के सैकड़ों शिखर, एकदम कठोर, तीखे और निर्मम-

**पुरा यत्र स्त्रोतः पुलिनमधुना तत्र सरितां**
**विपर्यासं यातो घन विरलभावः क्षितिरुहाम्।**
**बहोः कालाद् दृष्टं ह्यपरमिव मन्ये बनमिदं**
**निवेशः शैलानां तदिदमिति बुद्धिं द्रढयति।**

राम का मुकुट इतना भारी हो उठता है कि राम उस बोझ से कराह उठते हैं और इस वेदना के चीत्कार में सीता के माथे का सिंदूर और दमक उठता है, सीता का वर्चस्व और प्रखर हो उठता है।

* * *

कुर्सी पर पड़े-पड़े यह सब सोचते-सोचते चार बजने को आये, इतने में दरवाजे पर हल्की-सी दस्तक पड़ी, चिरंजीव निचली मंजिल से ऊपर नहीं चढ़े, सहमी हुई कृष्णा (मेरी मेहमान लड़की) बोली- दरवाजा खोलिए। आँखों में इतनी कातरता कि कुछ कहते नहीं बना, सिर्फ इतना कहा कि तुम लोगों को इसका क्या अंदाज होगा कि हम कितने परेशान रहे हैं। भोजन-दूध धरा रह गया, किसी ने भी छुआ नहीं, मुँह ढाँपकर सोने का बहाना शुरू हुआ, मैं भी स्वस्ति की साँस लेकर बिस्तर पर पड़ा, पर अर्धचेतन अवस्था में फिर जहाँ खोया हुआ था, वहीं लौट गया। अपने लड़के घर लौट आये, बारिश से नहीं, संगीत से भीग कर, मेरी दादी-नानी के गीतों का राम, लखन और सीता अभी भी वन-वन भीग रहे हैं। तेज बारिश में पेड़ की छाया और दुखद हो जाती है, पेड़ की हर पत्ती से टप्-टप् बूँदें पड़ने लगती हैं, तने पर टिके, तो उसकी हर नस-नस से आप्लावित होकर पीठ गलाने लगती है। जाने कब से मेरे राम भीग रहे हैं और बादल हैं कि मूसलाधार ढरकाये चले जा रहे हैं, इतने में मन में एक चोर धीरे-से फुसफुसाता है, राम तुम्हारे कब से हुए तुम, जिसकी बुनाहट पहचान में नहीं आती, जिसके व्यक्तित्व के ताने-वाने तार-तार होकर अलग हो गये हैं, तुम्हारे कहे जानेवाले कोई हो भी सकते हैं कि वह तुम कह रहे हो, मेरे राम! और चोर की बात सच लगती है, मन कितना बँटा हुआ है, मनचाही और अनचाही दोनों तरह की हजार चीजों में। दूसरे कुछ पतियायें भी, पर अपने ही भीतर परतीति नहीं होती कि मैं किसी का हूँ या कोई मेरा है। पर दूसरी ओर यह भी सोचता हूँ कि क्या बार-बार विचित्र से अनमनेपन में अकारण चिंता किसी के लिए होती है, वह चिन्ता क्या पराये के लिए होती है, वह क्या कुछ भी अपनी नहीं है? फिर इस अनमनेपन में ही क्या राम अपनाने के लिए हाथ नहीं बढ़ाते आये हैं, क्या न-कुछ होना और न-कुछ बनाना ही अपनाने की उनकी बढ़ी हुई शर्त नहीं है?

तार टूट जाता है, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है, यह भीतर से कहाँ पाऊँ। अपनी उदासी से ऐसा चिपकाव अपने सँकरे-से दर्द से ऐसा रिश्ता, राम को अपना कहने के लिए केवल उनके लिए भरा हुआ हृदय कहाँ पाऊँ? मैं शब्दों में घने जंगलों में हिरा गया हूँ। जानता हूँ, इन्हीं जंगलों के आसपास किसी टेकड़ी पर राम की पर्णकुटी है, पर इन उलझानेवाले शब्दों के अलावा मेरे पास कोई राह नहीं। शायद सामने उपस्थित अपने ही मनोराज्य के युवराज, अपने बचे-खुचे स्नेह के पात्र, अपने भविष्यत् के संकट की चिन्ता में राम के निर्वासन का जो ध्यान आ जाता है, उनसे भी अधिक एक बिजली से जगमगाते शहर में एक पढ़ी-लिखी चंद दिनों की मेहमान लड़की के एक रात कुछ देर से लौटने पर अकारण चिन्ता हो जाती है। उसमें सीता का ख्याल आ जाता है, वह राम के मुकुट या सीता के सिंदूर के भीगने की आशंका से जोड़े न जोड़े, आज की दरिद्र अर्थहीन, उदासी को कुछ ऐसा अर्थ नहीं दे देता, जिससे जिन्दगी ऊब से कुछ उबर सके?

और इतने में पूरब से हल्की उजास आती है और शहर के इस शोरभरे बियावान में चक्की के स्वर के साथ चढ़ती-उतरती जँतसार गीति हल्की सी सिहरन पैदा कर जाती है। 'मोरे राम के भीजै मुकुटवा' और अमचूर की तरह विश्वविद्यालयी जीवन की नीरसता में सूखा मन कुछ जरूर ऊपरी सतह पर ही सही भीगता नहीं, तो कुछ नम तो जरूर ही हो जाता है, और महीनों की उमड़ी-घुमड़ी उदासी बरसने-बरसने को आ जाती है। बरस न पाये, यह अलग बात है (कुछ भीतर भाप हो, तब न बरसे), पर बरसने का यह भाव जिस ओर से आ रहा है, उधर राह होनी चाहिए। इतनी असंख्य कौसल्याओं के कंठ में बसी हुई जो एक अरूप ध्वनिमयी कौसल्या है। अपनी सृष्टि के संकट में उसके सतत उत्कर्ष के लिए आकुल, उस कौसल्या की ओर, उस मानवीय संवेदना की ओर ही कहीं राह है, घास के नीचे दबी हुई। पर उस घास की महिमा अपरम्पार है, उसे तो आज वन्य पशुओं का राजकीय संरक्षित क्षेत्र बनाया जा रहा है, नीचे ढँकी हुई राह तो सैलानियों के घूमने के लिए, वन्य पशुओं के प्रदर्शन के लिए, फोटो खींचनेवालों की चमकती छबि-यात्राओं के लिए बहुत ही रमणीक स्थली बनायी जा रही है। उस राह पर तुलसी और उनके मानस के नाम पर बड़े-बड़े तमाशे होंगे, फुलझड़ियाँ दगेंगी, सैरसपाटे होंगे, पर वह राह ढकी ही रह जायेगी, केवल चक्की का स्वर, श्रम का स्वर ढलती रात में, भीगती रात में अनसोये वात्सल्य का स्वर राह तलाशता रहेगा- किस ओर राम मुड़े होंगे, बारिश से बचने के लिए? किस ओर? किस ओर? बता दो सखी।

## शब्दार्थ और टिप्पणी

**खुलकर सांस लेना** मुक्ति का अहसास करना, स्वतंत्रता का अहसास होना **रील पर रील चढ़ना** लगातार होना **सहज क्रम में होना** स्वाभाविक रूप में होना **उद्विग्न होना** विचलित होना, दुःखी होना **झल्लाना** गुस्सा होना, झुझलाहट होना **पटुका** दुपट्टा **दुश्चिंता** बुरे ख्याल, चिंता **मुखरित होना** सम्मुख होना **निर्वासित** देश से निकाला हुआ **धनुर्धर** धनुष को धारण करनेवाला **संगति होना** एकमत होना **परिहार** त्यागना, छोड़ना **सनातन** हमेशा **आतंकित हो उठना** भयभीत होना **सहचारिणी** जीवनसंगिनी, पत्नी **ऐश्वर्य** वैभव **शंकाकुल** शंका से मुक्त **दुर्दिन** बुरे दिन, बुरा समय **अहर्निश** रात-दिन, लगातार, हमेशा **धरा रह जाना** उपयोग में न आना **आप्लार्वित होना** डूबा हुआ होना, नहाया हुआ **मुसलधार ढरकाना** बहुत जोरो से

## स्वाध्याय

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उनके नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर दीजिए :**

(1) महीनों से मन उदास है क्योंकि...
- (क) घर में शौक का माहौल था।
- (ख) कुछ तबीयत ढीली, कुछ तनाव और टूटने का डर
- (ग) घर में हररोज झगड़े होते थे।

(2) लेखक अपने चिरंजीव और मेहमान को कार्यक्रम में नहीं जाने देना चाहते थे, क्योंकि...
- (क) शहरों की आजकल की असुरक्षित स्थिति ध्यान में थी।
- (ख) उन्हें उन पर भरोसा नहीं था।
- (ग) चिरंजीव और मेहमान बहुत मस्तीखोर थे।

(3) गृहिणी बहुत उद्विग्न थी, क्योंकि...
- (क) वह बीमार थी।
- (ख) शहर में कर्फ्यू लगा था।
- (ग) बारह बजे भी लोग लौटे नहीं थे।

(4) राम के साथ...
- (क) लक्ष्मण और सीता हैं।
- (ख) कोई नहीं है।
- (ग) कोई जाने को तैयार नहीं होता

(5) राम की झोंपड़ी...
- (क) जंगलों के आसपास किसी टेकरी पर है।
- (ख) टूटी - फूटी, विखरी हुई पड़ी है।
- (ग) कोई नहीं रहता है।

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :**

(1) लेखक के दिन कैसे बीतते हैं?

(2) संगीत का कार्यक्रम देखने कौन-कौन गया?

(3) नर के रूप में कौन लीला कर रहा है?

(4) सीता, वन्य पशुओं से घिरी क्या सोचती है?

(5) कुर्सी पर पड़े-पड़े सोचते-सोचते कितने बज गये?

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

(1) लेखक को रात-दिन नींद क्यों नहीं आती?

(2) संगीत के कार्यक्रम में क्या सोचकर जाने दिया?

(3) लेखक के मन में एकाएक कौन-सी पंक्तियों गूंज गयी?

(4) संतान को लेकर लेखक को क्या प्रतीति नहीं होती?

(5) नदियों और सरोवरों को देखना क्यों दुस्सह हो गया?

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्य में उत्तर दीजिए :**

(1) ''मेरे राम का मुकुट भीग रहा है'' ऐसा लेखक - क्यों कहते हैं?

(2) राम के मुकुट को लेकर उनके मन में कैसे - खयाल आते हैं?

**5. आशय स्पष्ट कीजिए :**

(1) इस देश की ही नहीं, पूरे विश्व की एक कौशल्या है।

(2) कैसे मंगलमय प्रभात की कल्पना की थी? और कैसी अँधेरी कालरात्रि आ गयी है?

**6. निम्नलिखित विधानों की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

(1) दूर कोई भी आहट होती तो....

(अ) उदग्र होकर फाटक की और देखने लगता।

(ब) एक डर मन में पैदा हो जाता।

(क) चिंता दूर होती नजर आती।

(2) सोचते-सोचते लगा कि...

(अ) इस देश का क्या होगा?

(ब) इस देश की ही नहीं, पूरे विश्व की एक कौशल्या है।

(क) घर में कोई आकर दस्तक दे रहा है।

(3) नदियाँ और सरोवरों को देखना दुस्सार हो गया है- क्योंकि...

(अ) उसमें बाढ़ आई है।

(ब) वह सूखे पड़े हैं।

(क) जिसका ऐश्वर्य से अभिषेक हो रहा था, वह निर्वासित हो गया।

## योग्यता-विस्तार

**(1) विद्यार्थी प्रवृत्ति :** प्रस्तुत निबंध रचना में से अपनी पसंद के कुछ वाक्य छाँटकर लिखो।

**(2) शिक्षक प्रवृत्ति :** विद्यानिवास मिश्र की अन्य रचनाएँ छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें।